# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 263 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 25 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## तेज रफ्तार का कहर: बस-कार भिड़ंत में मासूम की मौत, 35 से ज्यादा घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**(मूलचन्द पेसवानी)।**

भीलवाड़ा-शाहपुरा मार्ग मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसे से दहल उठा, जब रायपुर चौराहे के पास तेज रफ्तार निजी बस और टाटा हैरियर कार के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भयावह था कि क्षेत्र में चीख-पुकार मच गई और सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

इस दर्दनाक दुर्घटना में करीब 35 से 37 लोग घायल हो गए, जिनमें से 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं इस हादसे ने एक मासूम की जिंदगी भी छीन ली।

**2 साल की मासूम कोमल कंवर की मौत**

हादसे में थांवला निवासी 2 वर्षीय कोमल कंवर की मौत हो गई। मासूम अपने पिता महेंद्र सिंह के साथ बस में सवार थी। गंभीर हालत में भीलवाड़ा ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। परिजन शव को लेकर शाहपुरा चिकित्सालय पहुंचे, जहां मातम का माहौल छा गया।

**गड्ढा बचाने में बेकाबू हुई बस, कार से भिड़ंत**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीलवाड़ा से शाहपुरा की ओर आ रही निजी बस तेज गति में थी। रायपुर चौराहे के पास सड़क पर बने गहरे गड्ढे को बचाने के प्रयास में चालक नियंत्रण खो बैठा और बस सामने से आ रही कार से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसमें फंस गया।

**बस पलटी, मची चीख-पुकार**

टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू कर घायलों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी।



### सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन एक्शन मोड में



सड़क हादसे के बाद क्षेत्र में प्रशासन सतर्क हो गया है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रकाशचंद्र की अध्यक्षता में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए अहम निर्णय लिए गए।

बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शाहपुरा-भीलवाड़ा मार्ग सहित अन्य सड़कों का संयुक्त निरीक्षण कर दुर्घटना संभावित स्थलों पर तुरंत सुधार कार्य शुरू किया जाए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अगले 3 दिनों में कार्रवाई शुरू होगी। सड़क सुरक्षा के लिए जर्जर सड़कों की मरम्मत, चेतावनी संकेतक, स्पीड ब्रेकर, रोड मार्किंग, अतिक्रमण हटाने और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुधारने जैसे कदम उठाए जाएंगे।

प्रशासन ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकना प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**कांस्टेबल ने दिखाई मानवता, अकेले पहुंचाए घायल**

हादसे के दौरान कांस्टेबल कृष्णगोपाल खिंची ने मानवता की मिसाल पेश की। एंबुलेंस के देर से पहुंचने पर खींची ने पुलिस जीप से अकेले ही चार बार चक्कर लगाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जिससे कई लोगों की जान बच सकी।

**प्रशासन मौके पर, अस्पताल में मचा हड़कंप**

सूचना मिलते ही शाहपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सहायक उप निरीक्षक एम. कुमार के नेतृत्व में राहत कार्य चलाया गया। सभी घायलों को शाहपुरा चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को भीलवाड़ा रेफर किया गया।

अस्पताल में घायलों की भीड़ के चलते अफरा-तफरी का माहौल रहा। वहीं परिजनों की चिंता साफ झलकती नजर आई।

**अधिकारियों ने लिया जायजा, यातायात हुआ बाधित**

घटना की सूचना पर एसडीओ सुनील मीणा, तहसीलदार भीवंराज परिहार और सीआई सुरेश कुमार मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। हादसे के चलते मार्ग पर लंबा जाम लग गया, जिसे बाद में पुलिस ने वाहनों को हटवाकर सुचारू कराया।


**इन लोगों के घायल होने की पुष्टि**

हादसे में पुष्पा कंवर, शौभाग सिंह, पायल कंवर, रामकुमार, फातमा बेगम, महेंद्र मीणा, नीतू देवी सहित कई लोग घायल हुए हैं, जबकि कुछ घायलों की पहचान अभी नहीं हो सकी है।

**जांच शुरू, तेज रफ्तार और खराब सड़क बनी वजह**

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर हादसे का कारण तेज रफ्तार और सड़क की खराब स्थिति को माना जा रहा है। हादसे की खबर मिलते ही भाजपा और कांग्रेस के जनप्रतिनिधि भी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना तथा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

### जर्जर हाईवे बना हादसों का कारण



शाहपुरा-सांगानेर मॉडल स्टेट हाईवे की बदहाल स्थिति एक बार फिर सवालों के घेरे में है। मंगलवार के भीषण हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि सड़क दुरुस्त होती तो यह हादसा टल सकता था। शाहपुरा बाईपास टोल प्लाजा से लेकर सूरज सिंह जी का खेड़ा और तसवारिया क्षेत्र तक सड़क जगह-जगह धंसी हुई है, वहीं डूगरी चौराहे से आगे 2-3 फीट गहरे गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं।स्थानीय लोगों ने टोल कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए 'सड़क नहीं तो टोल नहीं' का नारा बुलंद किया है। जीव दया सेवा समिति के संयोजक अतू खा कायमखानी ने सड़क का तुरंत निरीक्षण कर मरम्मत शुरू करने की मांग की है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## NH-27 पर दर्दनाक हादसा: कार-बाइक भिड़ंत में दो की मौत, एक गंभीर



मृतक नानू राम



मृतक मदनलाल



घायल मोहन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

नेशनल हाईवे-27 पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर छा गई । मारू भाटो के पराना के पास कार और बाइक की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे में बिजोलिया के लोड़दा निवासी मदन लाल भील (50) पुत्र रंगलाल की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

सूचना मिलते ही डाबी थाना अधिकारी सीआई हेमराज शर्मा व एएसआई जितेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और घायलों को हाईवे एंबुलेंस के जरिए डाबी सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को कोटा न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया।

जहां इलाज के दौरान लोड़दा के ही नानूराम भील (45) पुत्र मोहनलाल ने भी दम तोड़ दिया। वहीं बांका के मोहन भील पुत्र रामा की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका उपचार जारी है।

पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। थाना अधिकारी हेमराज शर्मा के अनुसार हादसे का मुख्य कारण तेज रफ्तार बताया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## आज भीलवाड़ा जिले में शाम की पेयजल आपूर्ति रहेगी प्रभावित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

चम्बल-भीलवाड़ा पेयजल परियोजना के तहत जिले में होने वाली जल आपूर्ति 25 मार्च को आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी। जानकारी के अनुसार, एवीवीएनएल द्वारा 132 केवी जीएसएस बरोली (रावतभाटा) पर आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। अधिशाषी अभियंता ने बताया कि इस कार्य के चलते 25 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा। इसके कारण डब्ल्यूटीपी आरोली से जल आपूर्ति बाधित रहेगी।

इसका असर भीलवाड़ा शहर सहित पूरे जिले में शाम की पेयजल सप्लाई पर पड़ेगा। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे पूर्व में ही पानी का आवश्यक भंडारण कर लें, ताकि किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## स्पा सेंटर के मैनेजर ने फांसी लगाकर दी जान, पंजाब का रहने वाला था युवक,पुलिस जुटी जांच में


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

शहर के गंगापुर चौराहे के समीप स्थित 'खोटा-सिक्का' स्पा सेंटर में मंगलवार को सनसनी फैल गई, जब वहां कार्यरत मैनेजर ने फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची गांधीनगर थाना पुलिस को युवक का शव कमरे में बेड पर पड़ा मिला। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाते हुए परिजनों को सूचित किया है।

गांधीनगर थाने की सहायक उप निरीक्षक मीना चौधरी ने बताया कि मंगलवार दोपहर गंगापुर चौराहे के समीप रिद्धि-सिद्धि प्लाजा कॉम्प्लेक्स की तीसरी मंजिल पर स्थित स्पा सेंटर में एक युवक के सुसाइड की सूचना मिली थी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो एक कमरे में युवक का शव पलंग पर पड़ा था। जांच में सामने आया कि युवक ने बिजली के तार का फंदा बनाकर पंखे से लटककर खुदकुशी की थी, लेकिन अधिक वजन या खिंचाव के कारण पंखा और तार टूट गए, जिससे शव सीधे पलंग पर आ गिरा।

पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो उसके पास से मोबाइल और पर्स बरामद हुआ। पर्स में मिले आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान सूरज (25) पुत्र रामचंद्र, निवासी मौजगढ़ खुइयां सरवर,



जिला फिरोजपुर (पंजाब) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सूरज पिछले करीब एक महीने से इस स्पा सेंटर पर मैनेजर के रूप में कार्य कर रहा था।

पुलिस को मौके से फिलहाल कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है और पंजाब में रहने वाले उसके परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है।

परिजनों के भीलवाड़ा पहुंचने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

## भीलवाड़ा में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक, कलेक्टर बोले पैनिक न करें

**मध्य-पूर्व तनाव के बीच प्रशासन सतर्क, गैस-पेट्रोल-डीजल आपूर्ति पर सख्त निगरानी**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि मध्य-पूर्व एशिया में चल रहे संघर्ष को देखते हुए मुख्य सचिव द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में आपूर्ति व वितरण को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर ने बताया कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थी 45 दिन में गैस बुकिंग करा सकेंगे, जबकि गैर-उज्ज्वला उपभोक्ताओं के लिए यह अवधि 25 दिन निर्धारित की गई है। वहीं 5 किलो सिलेंडर धारकों के लिए उज्ज्वला में 16 दिन और गैर-उज्ज्वला में 9 दिन का अंतराल तय किया गया है। 10 किलो कंपोजिट सिलेंडर में केवल गैर-उज्ज्वला उपभोक्ता 18 दिन में बुकिंग कर सकेंगे।

जिले की सभी गैस एजेंसियों और प्रमुख पेट्रोल पंपों की नियमित जांच के निर्देश दिए गए हैं, ताकि स्टॉक की पर्याप्तता बनी रहे।

साथ ही जमाखोरी, कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए हैं। मुख्य सचिव ने 112, 181 और 14435 हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कालाबाजारी के मामलों में एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। औद्योगिक क्षेत्रों में पीएनजी गैस के विस्तार को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए उद्योग, होटल व्यवसाय और संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर बैठकें आयोजित की जाएंगी।

# कोठारी नदी में अवैध बजरी खनन पर लगातार दूसरे दिन कार्रवाई, डंपर-जेसीबी जब्त





**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** अवैध बजरी खनन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव के निर्देशन में डीएसटी टीम ने दूसरे दिन भी कोठारी नदी में दबिश देकर एक डंपर और एक जेसीबी मशीन जब्त की।

जानकारी के अनुसार, बनकाखेड़ा ग्राम पंचायत के कंवलियास माफी गांव के पास कोठारी नदी में मंगलवार अल सुबह कार्रवाई की गई। सूचना मिलते ही बड़लियास थाना पुलिस एवं सवाईपुर चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची।

सवाईपुर चौकी प्रभारी प्यार चंद खटीक ने बताया कि इससे पूर्व सोमवार को भी इसी स्थान पर कार्रवाई करते हुए पांच ट्रैक्टर और दो जेसीबी मशीन जब्त की गई थीं। लगातार कार्रवाई के बावजूद बजरी माफिया दोबारा सक्रिय हो गए, जिस पर पुलिस ने सख्ती बरतते हुए दूसरी बार दबिश दी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है।

# अंतरजातीय विवाह मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई, दंपति को दी सुरक्षा

## शोक संदेश छपवाने वाले पिता को मृत्युभोज से रोका, पुलिस की निरोधात्मक कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

अंतरजातीय विवाह के एक संवेदनशील मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालिग दंपति को सुरक्षा प्रदान की और संभावित सामाजिक तनाव को बढ़ने से रोक दिया। साथ ही, विवाह से आहत होकर शोक संदेश छपवाने वाले पिता को मृत्युभोज आयोजित करने से पाबंद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित वृताधिकारी के निर्देशन में थाना पुलिस ने मामले में सक्रियता दिखाई।

थाना पुलिस के अनुसार 20 मार्च को एक 27 वर्षीय युवती अपने पति के साथ थाने पहुंची। युवती ने बताया कि उसने 4 मार्च 2025 को अपनी इच्छा से आर्य समाज मंदिर में विवाह किया था।

करीब एक माह से वह अपने पीहर में रह रही थी। जब उसका पति उसे लेने आया तो परिजनों ने विरोध करते हुए साथ जाने से रोकने का प्रयास किया।

पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर समझाइश की। युवती के बयान वीडियोग्राफी के साथ दर्ज किए गए, जिसमें उसने स्पष्ट रूप से अपनी मर्जी से विवाह करने और पति के साथ जाने की इच्छा जताई। इसके बाद पुलिस ने दंपति को सुरक्षा के साथ बाहर रवाना किया।

इसके बाद समाचार पत्र में 'बेटी का त्याग कर शोक संदेश छपवाने' की खबर सामने आने पर मामला चर्चा में आया। जांच में सामने आया कि पिता ने सामाजिक कारणों से यह कदम उठाया था।

पुलिस ने संबंधित व्यक्ति को तलब कर समझाइश कि, जिसके बाद उन्होंने मृत्युभोज या किसी प्रकार की बैठक नहीं करने का आश्वासन दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया।

# टीबी मुक्त भारत के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

उपखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में मंगलवार को 'विश्व क्षय रोग दिवस' के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों ने मिलकर टीबी मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ तकनीकी सहायक सुखदेव कुमावत ने टीबी के लक्षण एवं उपचार की जानकारी दी। वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि दो सप्ताह से अधिक खांसी होने पर तुरंत जांच करानी चाहिए।

डॉ. राकेश दरिया ने बताया कि लगातार खांसी, बुखार और वजन कम होना टीबी के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर बलगम जांच करानी चाहिए। उन्होंने बताया कि टीबी की जांच और उपचार राज्य सरकार द्वारा निशुल्क उपलब्ध है।




कार्यक्रम में डॉ. ललित पायक, सत्यनारायण, प्रयोगशाला तकनीशियन मुकेश गुर्जर सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# विश्व क्षय रोग दिवस पर भीलवाड़ा में जागरूकता की अलख, 'टीबी मुक्त भारत' के लिए 100 दिवसीय अभियान शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति (क्षय) भीलवाड़ा के तत्वावधान में जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस वर्ष की थीम 'हाँ, हम टीबी का अंत कर सकते हैं भारत के नेतृत्व में, जनभागीदारी की शक्ति से' को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाया गया।

पूर्व संध्या पर सूचना केन्द्र चौराहे पर आकर्षक रंगोली के माध्यम से टीबी से बचाव और समय पर उपचार का संदेश दिया गया। मंगलवार को सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. प्रदीप कटारिया ने क्षय निवारण केन्द्र से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में जीएनएम, एएनएम विद्यार्थियों व डीटीसी कर्मचारियों ने भाग लेकर शहर में जागरूकता का संदेश फैलाया।

ऑडियो क्लिप व माइकिंग के जरिए टीबी की जांच, बचाव और उपचार की जानकारी दी गई। रैली का समापन जिला क्षय निवारण केन्द्र पर हुआ, जहां डॉ. कटारिया ने वर्षभर की गतिविधियों की जानकारी देते हुए जनभागीदारी बढ़ाने की अपील की।

उन्होंने बताया कि 24 मार्च से जिले में 100 दिवसीय 'टीबी मुक्त भारत अभियान' शुरू किया गया है, जिसके तहत स्वास्थ्य केन्द्रों पर व्यापक जांच और मरीजों को समय पर उपचार से जोड़ा जाएगा। साथ ही स्कूलों, चिकित्सा संस्थानों और समुदाय स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजन ने टीबी उन्मूलन का सामूहिक संकल्प लिया। एनटीईपी टीम द्वारा सूचना केन्द्र चौराहा व महात्मा गांधी अस्पताल में केनोपी लगाकर प्रचार सामग्री का वितरण भी किया गया।

# 10वीं परिणाम में सवाईपुर क्षेत्र के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं परीक्षा परिणाम में क्षेत्र के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अधिकांश विद्यालयों का परिणाम लगभग शत-प्रतिशत रहा।

बनकाखेड़ा निवासी शिवराज आचार्य ने 98.33% अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं राहुल जाट (90.50%), अंजलि बारेठ (87.83%), दीपिका कंवर (86.50%), मैना जाट (85.33%), रोहिन (84.50%) और ममता जाट (83%) ने भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की।

शिवराज ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए भविष्य में सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने की इच्छा जताई।

चावंडिया निवासी आदित्य शर्मा ने नागौर जिले में 90.33% अंक प्राप्त कर सवाईपुर क्षेत्र और भीलवाड़ा जिले का नाम रोशन किया।

# सड़क किनारे पड़ा मिला घायल अधेड़, पुलिस कर रहीं पहचान का प्रयास

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

( सांवर वैष्णव ):- नेशनल हाईवे 758 पर ढ़ेलाणा व बनकाखेड़ा के बीच सिवाड़ा के सगस के पास एक अधेड़ सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा हुआ मिला । पुलिस ने घायल अधेड़ को सवाईपुर चिकित्सालय में भर्ती करवाया। सवाईपुर चौकी कांस्टेबल रजनीश कुमार ने बताया कि सिवाड़ा के सगस जी के पास एक अधेड़ घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला, जिनको सवाईपुर चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया । वही पुलिस घायल अधेड़ की पहचान का प्रयास कर रही है ।।



# रायला पुलिस की बड़ी कार्रवाईः फॉरच्यूनर से 592 ग्राम अफीम बरामद, हरियाणा के 3 तस्कर गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनीत चपलोत** ।पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत एक अहम सफलता हासिल की है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देशन में रायला थाना पुलिस ने मंगलवार अलसुबह नाकाबंदी के दौरान एक लग्जरी फॉरच्यूनर कार से 592 ग्राम अफीम बरामद कर हरियाणा के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी मूलचंद वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भीलवाड़ा-अजमेर हाईवे पर थाने के सामने नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर भीलवाड़ा की ओर से आ रही एक संदिग्ध फॉरच्यूनर को रोककर घेराबंदी की गई।

तलाशी लेने पर वाहन से 592 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मौके से विक्की जाट, राहुल जाट और नुकूल जाट निवासी सोनीपत (हरियाणा) को गिरफ्तार किया। साथ ही फॉरच्यूनर कार को जब्त कर लिया गया है।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अफीम उदयपुर जिले से लाकर हरियाणा ले जाने की तैयारी में थे। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और इस पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

# भीषण गर्मी में जीव दया अभियानः 100 टंकियां व परिंडे वितरित




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद द्वारा 'जीव दया अभियान' के तहत कोठारी निवास अजमेर रोड पर सेवा कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें 100 पानी की टंकियां, गौ-पात्र, परिंडे व पक्षी घर निःशुल्क वितरित किए गए।

मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने अभियान को प्रेरणादायक बताया। पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी ने कहा, 'जीवों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। ' परिषद अध्यक्ष मनीष बम्ब ने बताया कि अब तक 300 से अधिक टंकियां वितरित की जा चुकी हैं और अभियान जारी रहेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवी व नागरिक मौजूद रहे।

# नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां तेज, 113 निकायों की वोटर लिस्ट का शेड्यूल जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान में इस वर्ष प्रस्तावित नगरीय निकाय चुनावों को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 113 नगरीय निकायों में मतदाता सूचियों के निर्माण एवं संशोधन का कार्यक्रम जारी कर दिया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 8 मई 2026 को किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया कि नगरीय निकायों की वार्डवार मतदाता सूचियां, 1 जनवरी 2025 को प्रकाशित विधानसभा मतदाता सूचियों को आधार मानकर तैयार की जाएंगी। इसके तहत मतदाता सूची का अद्यतन, दावा-आपत्तियों का निस्तारण तथा अंतिम प्रकाशन आयोग द्वारा तय समय-सारिणी के अनुसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रक्रिया के दौरान वार्डों का गठन, मतदान भागों का निर्धारण तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप पुनर्समायोजन भी किया जाएगा। साथ ही 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाता भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकेंगे। जारी शेड्यूल के अनुसार प्रदेश के 40 जिलों में कुल 113 नगरीय निकाय शामिल हैं, जिनमें 2 नगर निगम, 15 नगर परिषद और 96 नगर पालिकाएं हैं। इनमें नगर निगम पाली और भीलवाड़ा के अलावा नगर परिषद कुचामन सिटी, सरदारशहर, करौली, डीग, गंगापुर सिटी, चौमूं, लालसोट, भिवाड़ी, जैसलमेर, फलोदी, सिरोही, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, राजसमंद और प्रतापगढ़ शामिल हैं, जबकि शेष निकाय नगर पालिकाओं के रूप में आते हैं। आयोग द्वारा जारी इस कार्यक्रम के साथ ही प्रदेश में नगरीय निकाय चुनावों की औपचारिक तैयारियां शुरू हो गई हैं.

# एसपीएल सीजन-2 का शानदार समापन, अब सीजन-3 का इंतजार




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

खेल भावना और रोमांच से भरपूर एसपीएल सीजन-2 का भव्य समापन हुआ। 19 मार्च को शुरू हुए टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल में इयोन ब्लास्टर टीम ने कप्तान अमित बुच्चा के नेतृत्व में खिताब जीता। मनीष नंदावत 'सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ', पंकज लालानी 'सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज' और नरेन्द्र पींचा 'सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज' बने।

समापन समारोह में विजेताओं को ट्रॉफी व पुरस्कार दिए गए। आयोजकों ने जल्द ही एसपीएल सीजन-3 को और भव्य बनाने की घोषणा की।



QUICK BITES

## एनीमिया मुक्त राजस्थान हेतु शिक्षकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



क़स्बा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को एनीमिया मुक्त राजस्थान हेतु शिक्षकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया । कार्यक्रम अधिकारी रमेश चंद्र धाकड़ ने बताया कि शिविर में आकोला, सुटेपा, आमा , बडलियास, बडला ,जीवा खेड़ा सहित अन्य पीईईओ क्षेत्र के अध्यापकों ने शिविर में भाग लिया । जिन्हें चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजवीर कंजर द्वारा विद्यालय में अध्यनरत बालकों को एनीमिया टेबलेट वितरण करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी ओर सावधानियां बरतने के बारे में बताया । इस दौरान माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या सुषमा पालीवाल भी उपस्थिति रही । जिन्होंने आयरन टेबलेट के दौरान सावधानियां बरतने की बात कही।

## आगूचा में मजदूर संघ ने गोवंश उपचार केंद्र को भेंट किए पंखे

भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा ।



**(गोपाल)।** बराटीया क्षेत्र में पीड़ित गोवंशों के लिए संचालित उपचार केंद्र पर बढ़ती गर्मी को देखते हुए आगूचा खान मजदूर संघ द्वारा सराहनीय पहल की गई। संघ ने केंद्र पर गोवंशों की सुविधा के लिए सात पंखे भेंट कर सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया।

जानकारी के अनुसार, उपचार केंद्र के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए एक छोटे से आग्रह पर मजदूर संघ ने तत्परता दिखाते हुए यह सहयोग दिया। संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि सेवा कार्य में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और आगे भी सहयोग जारी रहेगा।

इस अवसर पर उपचार केंद्र के कार्यकर्ताओं ने यूनियन के सदस्यों का ऊपरना ओढ़ाकर स्वागत-सत्कार किया और उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# भीलवाड़ा में श्रम व बाल संरक्षण पर सख्ती, तीन टास्क फोर्स की बैठक

## बंधक श्रम, बाल श्रम और उपकर वसूली पर समीक्षा, अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) की अध्यक्षता में बीओसीडब्ल्यू टास्क फोर्स, बाल श्रम टास्क फोर्स तथा बंधक श्रम सतर्कता समिति की संयुक्त बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में श्रमिकों के हितों, बाल श्रम उन्मूलन तथा बंधक श्रम के विरुद्ध चल रही कार्रवाई की समीक्षा की गई।

उप श्रम आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 मार्च को बोहरी मां ईंट उद्योग, ग्राम खेड़ा (थाना बडलियास, कोटड़ी) तथा 23 मार्च को मीनाक्षी ईंट उद्योग, मोड़ का निंबाहेड़ा (आसींद) में संयुक्त दल द्वारा कार्रवाई करते हुए श्रमिकों को पारिवारिक कारणों से मुक्त करवाया गया। इस पर सतर्कता समिति के सदस्यों ने सुझाव दिया कि बंधक श्रम से संबंधित कार्रवाई में समिति के सदस्यों को साथ रखा जाए तथा बैठकों में गैर-सदस्यों की उपस्थिति पर रोक हो। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) ने इस पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक में उप श्रम आयुक्त ने बताया कि उपकर लक्ष्य का 83 प्रतिशत प्राप्त कर लिया गया है। मार्च माह में 100 नोटिस जारी किए गए तथा 18 उपकर निर्धारण आदेश पारित किए गए हैं। साथ ही पंजीयन एवं योजनाओं से संबंधित लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण की आवश्यकता बताई गई। इस पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) ने लक्ष्य की पूर्ण प्राप्ति एवं लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

बाल श्रम टास्क फोर्स की बैठक में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देशानुसार चल रहे पैन इंडिया अभियान की समीक्षा की गई। जानकारी दी गई कि 32 संस्थाओं का सर्वे कर वचन पत्र भरवाए गए हैं तथा एक बाल श्रमिक को रेस्क्यू भी किया गया है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) ने पुलिस, बाल कल्याण समिति, चाइल्डलाइन एवं श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अभियान के दौरान अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठकों में यूआईटी के कनिष्ठ लेखाकार, नगर पालिका के कार्यकारी अधिकारी, चिकित्सा विभाग से डिप्टी सीएमएचओ, मानव तस्करी विरोधी इकाई के एएसआई, चाइल्डलाइन प्रतिनिधि, बीएमएस प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# मांडलगढ़ में 'एक शाम शहीदों के नाम' कवि सम्मेलन, भोर तक गूंजती रही देशभक्ति और काव्य की स्वर लहरियां






भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

नगर पालिका के तत्वावधान में सोमवार रात आयोजित 'एक शाम शहीदों के नाम' अखिल भारतीय कवि सम्मेलन देशभक्ति और काव्य रस से सराबोर रहा। कार्यक्रम में देशभर से आए ख्यातनाम कवियों ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को देर रात से लेकर भोर तक बांधे रखा।

कार्यक्रम की शुरुआत ही देशभक्ति से ओत-प्रोत पंक्तियों 'आज की ये शाम प्रभु श्रीराम के नाम करते हैं... 'के साथ हुई, जिस पर कवि ने खूब तालियां बटोरीं। कवि सम्मेलन में हजारों की संख्या में श्रोता मौजूद रहे और पूरे समय माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोपाल खंडेलवाल एवं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा रहे। कवि सम्मेलन का संयोजन एवं संचालन कवि मनीष सुखवाल ने प्रभावी ढंग से किया।

कवि सम्मेलन में उत्तर प्रदेश से आए राष्ट्रीय कवि भूपेंद्र राठौड़ ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया, वहीं कवयित्री कोमल नाजुक के श्रृंगार रस पाठ ने वातावरण को भावुक बना दिया। इस दौरान 'भारत माता की जय' के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

राष्ट्रीय कवि दीपक पारीक ने सैनिकों और किसानों पर आधारित रचनाओं से कार्यक्रम को नई ऊंचाई दी। इसके अलावा दिनेश बंटी, पंचायती, नोहरा फेम शाहपुरा के कवि विशाल ब्रह्मभट्ट, मुकेश महाकाल सहित अन्य कवियों ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का समापन बारां से आए कवि मुरलीधर गौड़ ने अपने तिरंगा गीत के साथ किया, जिसने श्रोताओं में देशभक्ति का जोश भर दिया।

इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी, भाजपा नगर अध्यक्ष अशोक जीनगर, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन ब्रह्मभट्ट, पार्षद अनीता सुराणा, लादू खटीक, नीलकमल पटवा, भाजपा नेता मुकेश व्यास, जिला मंत्री जमनालाल सेन सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# चीड़ खेड़ा में जर्जर पुलिया बनी जानलेवा, फिर हुआ हादसा, ग्रामीणों में आक्रोश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



जिले के सहाड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चीड़ खेड़ा इन दिनों एक गंभीर समस्या से जूझ रही है। बाड़ा स्थित हनुमान जी मंदिर के पास बनी पुलिया और सड़क की बदहाल स्थिति अब ग्रामीणों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। सोमवार रात करीब 8 बजे यहां एक बार फिर सड़क हादसा हो गया, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार, घटनास्थल पर पुलिया लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ी है। पुलिया के ऊपर और आसपास की सड़क पूरी तरह उखड़ी हुई है, जहां बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। वहीं सड़क किनारे मिट्टी कटाव के कारण गहरी खाई बन गई है, जो वाहनों के लिए गंभीर खतरा बनी हुई है। विशेषकर रात के समय यह मार्ग अत्यधिक जोखिम भरा हो जाता है, क्योंकि यहां न तो पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था है और न ही कोई चेतावनी संकेत लगाए गए हैं। ऐसे में वाहन चालकों को गड्ढों और खाई का अंदाजा नहीं लग पाता और दुर्घटनाएं हो रही हैं।सोमवार रात हुए हादसे में एक वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि वाहन चालक नारायण खेड़ा गांव का निवासी है। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि वाहन को नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल संयोग था कि इस बार बड़ा हादसा टल गया।

ग्रामीणों के अनुसार, इस स्थान पर पहले भी दो से तीन बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। हर बार संबंधित विभाग को सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इसको लेकर ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग (PWD) की कार्यशैली पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

एक ग्रामीण ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिला है, जमीनी स्तर पर कोई सुधार कार्य नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिया और सड़क की मरम्मत कर दी जाती, तो इन हादसों को रोका जा सकता था। लगातार हो रही दुर्घटनाओं से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिया के पुनर्निर्माण, सड़क के गड्ढों की मरम्मत, सड़क किनारे बनी खाई की सुरक्षा, चेतावनी बोर्ड व बैरिकेडिंग तथा रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि चीड़ खेड़ा का यह मामला केवल एक गांव की समस्या नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी का उदाहरण बनता जा रहा है। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो यह लापरवाही भविष्य में किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

# चंवरा हनुमान मंदिर में नवरात्रि पर महाआरती, छप्पन भोग से सजा दरबार

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास

**(रोशन)।** मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चंवरा स्थित हनुमान मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह 9:15 बजे विधि-विधान के साथ महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बजरंगबली के जयकारों से मंदिर परिसर को गुंजायमान कर दिया।

महाआरती के उपरांत भगवान हनुमान को श्रद्धापूर्वक विशाल छप्पन भोग अर्पित किया गया। विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से सजे भोग ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया।



पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

# हरि शेवा उदासीन आश्रम में नवचण्डी दुर्गा पाठ का भव्य अनुष्ठान

**माँ दुर्गा के एक हजार नामों का उच्चारण करते हुए काजू से सहस्त्रार्चन होगा आज**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

चैत्रीय नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर में स्थित श्री हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नवचण्डी दुर्गा पाठ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अनुष्ठान का आयोजन आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। आश्रम में प्रतिदिन प्रातःकाल मण्डल पूजन, गणपति पूजन, भगवती दुर्गा का अभिषेक तथा हवन-यज्ञ विधिवत रूप से संपन्न किए जा रहे हैं। इस दौरान पंडित सत्यनारायण शर्मा, पंडित मनमोहन शर्मा एवं पंडित वासुदेव शर्मा सहित तीन वैदिक ब्राह्मणों द्वारा श्रद्धापूर्वक दुर्गा सप्तशती पाठ किया जा रहा है,



जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना हुआ है।

बुधवार को सुबह 9:15 बजे स्वामी द्वारा माँ दुर्गा के एक हजार नामों का उच्चारण करते हुए काजू से सहस्त्रार्चन किया जाएगा। इस विशेष अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे और पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम महाराज ने बताया कि गुरुवार को दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष्य में प्रातः 11:15 बजे विशेष जड़ी-बूटियों से युक्त दुर्गा हवन किया जाएगा। वहीं शुक्रवार को प्रातः 11:15 बजे कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। स्वामी ने बताया कि नवरात्रि में माता का सहस्त्रार्चन अत्यंत फलदायी माना जाता है। इससे मनोकामनाओं की पूर्ति, सुख-समृद्धि की प्राप्ति, असाध्य रोगों से मुक्ति, मानसिक शांति तथा नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि सनातन धर्म में देवी उपासना का सबसे प्रमुख पर्व है, जिसमें नौ दिनों तक माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। यह पर्व नारी शक्ति, आध्यात्मिक शुद्धि, आत्मसंयम और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है। इस दौरान संत मायाराम, राजाराम, गोविंद राम, केशव राम, ब्रह्मचारी मिहिर, हीरालाल गुरनानी, अशोक मूंदड़ा, विनोद झूरानी, इंद्र अवतानी, रोमा नोतानी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

# जीरो डोज कार्यक्रम को लेकर इन्फ्लुएंसर्स की कार्यशाला आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**रमेश गुर्जर ।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ एवं शिव शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में नगर स्थित उप जिला चिकित्सालय में जीरो डोज टीकाकरण कार्यक्रम के तहत प्रभावशाली सहयोगियों (इन्फ्लुएंसर्स) की आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में बिजौलिया ब्लॉक के सामाजिक, धार्मिक एवं सामुदायिक प्रतिनिधियों को टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने, झिझक व भ्रांतियां दूर करने तथा कार्यक्रम की निरंतरता



सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्य अतिथि ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल यादव ने कहा कि इन्फ्लुएंसर्स समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें टीकाकरण से हिचकिचाने वाले परिवारों तक विश्वास की कड़ी बनना चाहिए। जीरो डोज परियोजना के जिला समन्वयक सुरेंद्र सोनी ने टीकाकरण में पुरुषों की भागीदारी पर जोर देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम देश में 11 गंभीर बीमारियों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।ब्लॉक कॉर्डिनेटर गोविंद सिंह ने टीकाकरण को प्रत्येक परिवार की जिम्मेदारी बताते हुए सभी से इसमें सहयोग की अपील की।

कार्यक्रम में सीएचसी प्रभारी डॉ. अंसार खान, डॉ. मनीष सक्सेना, डॉ. नरेंद्र पारेता, रिंकू के पी जेन, संगीता धाकड़, सुनीता धाकड़, देवीलाल सहित विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# माता दधिमती मंदिर की घटना को लेकर दाधीच समाज ने सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

नागौर जिले के गोठ-मांगलोद स्थित दाधीच समाज की कुलदेवी माता दधिमती मंदिर में हुई घटना को लेकर अखिल भारतीय दाहिमा (दाधीच) ब्राह्मण महासभा, भीलवाड़ा द्वारा विरोध दर्ज कराया गया।

जिलाध्यक्ष सावित्री शर्मा के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि मंदिर के पुजारियों ने समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण शर्मा के साथ



अभद्र व्यवहार एवं मारपीट की।

समाज ने आरोप लगाया कि मंदिर परिसर में लंबे समय से भय का वातावरण बना हुआ है, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था प्रभावित हो रही है। संगठन ने दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही मंदिर की व्यवस्था प्रशासन के अधीन लेने की भी मांग रखी गई है, ताकि श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित हो सके। प्रवक्ता अनुरेखा कुदाल ने बताया कि ज्ञापन के दौरान ममता दाधीच, विजयलक्ष्मी आचार्य, दुर्गेश नंदिनी, चन्द्रकला शर्मा, सुधा शर्मा, यशस्विनी आचार्य, सुमन आचार्य, संतोष आचार्य, सुमित्रा दाधीच व विमला शर्मा सहित कई समाजजन मौजूद रहे।

# नवरात्रि पर महिलाओं ने श्रद्धा से की माता कात्यायनी की आराधना



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा नवरात्रि के छठे दिन माता कात्यायनी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेते हुए भजन-कीर्तन और नृत्य प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।

अध्यक्ष मधु लढा ने बताया कि माता कात्यायनी की पूजा से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित कर विजेताओं को सम्मानित किया गया।

सचिव अनुपमा मंत्री ने बताया कि माताजी को फल, फूल व प्रसाद अर्पित कर आशीर्वाद लिया गया। कार्यक्रम के अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

# श्री संभवनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में श्री संभवनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया।

प्रचार मंत्री प्रकाश पाटनी ने बताया कि प्रातः शांतिनाथ एवं पार्श्वनाथ भगवान पर श्रावकों ने अभिषेक कर लक्ष्मीकांत जैन,अशोक कुमार पाटोदी, विनय कुमार जैन, राजेंद्र सोगानी ने शांतिधारा की। निर्वाण कांण्ड का पाठ कर श्री संभनाथ भगवान के मोक्ष कल्याण का निर्वाण लाडू सामूहिक रूप से उत्साह पूर्वक चढ़ाया। सभी जनों ने श्री संभवनाथ भगवान की पूजा- अर्चना कर भक्ति-भाव सेअर्ग समर्पण किये। इस अवसर पर कई धर्मालुगण उपस्थित रहे ।

## पीएम श्री विद्यालय बाकरा का शानदार परिणाम, 97.71% रिजल्ट दर्ज

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

क्षेत्र के राजकीय पीएम श्री विद्यालय, बाकरा ने कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 97.71% परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के इस शानदार परिणाम से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय के छात्र गोविंद प्रजापत ने 96.83% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं निशा कुमारी मीना ने 86.50% अंकों के साथ द्वितीय तथा साधना बारेठ ने 82.50% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विशेष रूप से शिक्षक बजरंग लाल प्रजापत के सुपुत्र गोविंद



प्रजापत ने शीर्ष स्थान हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया।विद्यालय प्रशासन ने बताया की कक्षा 10 में कुल 48 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिनमें से 27 ने प्रथम श्रेणी, 18 ने द्वितीय श्रेणी और 2 ने तृतीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की।

## आसींद की तनिषा जैन का बेहतरीन रिजल्ट, 92.17% अंक

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, आसींद की छात्रा तनिषा जैन ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 92.17% अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। तनिषा ने अपनी मेहनत से न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। संस्था प्रधान विजय व्यास के अनुसार विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 84.44% रहा।

तनिषा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षक ललित किशोर शर्मा को दिया।




विद्यालय स्टाफ ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## QUICK BITES

### जैन संत मुनि प्रणम्य सागर ससंघ का आज होगा बिजोलिया में मंगल प्रवेश

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



**शुभम जैन ।** श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र में मुनि प्रणम्य सागर महाराज संसंघ का बुधवार को भव्य मंगल प्रवेश होगा। इसको लेकर जैन समाज एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार मंगल प्रवेश सुबह 8 बजे से सेठिया सर्किल, शक्करगढ़ चौराहे से प्रारंभ होकर तीर्थ क्षेत्र तक पहुंचेगा। इस दौरान श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर मुनिश्री के दर्शन कर धर्मलाभ प्राप्त करेंगे।

### लालबाई फूलबाई माता मंदिर में आज जागरण

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**



नवरात्रि के पावन अवसर पर बरूदनी स्थित लालबाई फूलबाई माता रानी मंदिर में सप्तमी के उपलक्ष्य में बुधवार को जागरण का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान माता रानी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा, जिससे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहेगा।

मंदिर के पुजारी रामसुख प्रजापत एवं भोपाजी भेरूलाल गाडरी ने बताया कि रात्रि 8:15 बजे महाआरती का आयोजन वेद विद्यालय के विद्वानों द्वारा किया जाएगा। इसके पश्चात रात्रि 9 बजे भजन-सत्संग प्रारंभ होगा।

इस अवसर पर सोहननाथ , राजनाथ द्वारा भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।**




विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर 'टीबी मुक्त भारत' अभियान के अंतर्गत चल रहे 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आलोक विद्या मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली के दौरान विद्यार्थियों को टीबी रोग के लक्षण, बचाव, निशुल्क जांच एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन शर्मा ने बताया कि सामूहिक प्रयासों से टीबी को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने अभियान की थीम 'हां ! हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं । भारत के नेतृत्व में, जन भागीदारी के साथ' पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने आमजन से अपील की कि टीबी के लक्षणों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं और संक्रमित मरीजों को पूरा इलाज कोर्स पूरा करने के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर डॉ. शरद नलवाया, डॉ. श्याम स्वरूप शर्मा, अशोक कुमार सेन (एसटीएस), प्रदीप कुमार दाधीच, दिनेश लक्षकार, रमेश शर्मा, अनिल गर्ग, ममता माली, चंदा तवर, लक्ष्मी मीणा सहित बड़ी संख्या में आशा सहयोगिनी मौजूद रहीं।

### जोगणिया माता धाम में नवरात्रि का उत्साह, रासलीला और झांकियों ने मोहा मन

**भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं।**



**दिनेश गुर्जर ।** चैत्र नवरात्रि के चलते श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ पर इन दिनों भक्तों की आस्था चरम पर है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंच रहे हैं, जिससे मंदिर परिसर में धार्मिक उल्लास और भक्ति का विशेष माहौल बना हुआ है।

नवरात्रि महोत्सव के तहत मंदिर परिसर स्थित रामलीला मंच पर वृंदावन से आए कलाकार नेमीचंद मिश्रा और उनकी मंडली द्वारा रासलीला का आकर्षक मंचन किया जा रहा है। इस प्रस्तुति में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं और राधा-कृष्ण के दिव्य प्रसंगों को जीवंत रूप दिया जा रहा है, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो रहे हैं। साथ ही सजी हुई मनमोहक झांकियां भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं।

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर प्रबंध एवं विकास संस्थान ने व्यवस्थाओं का विस्तार किया है। इसी क्रम में रावण राजपूत धर्मशाला के समीप तीसरे पार्किंग स्थल की शुरुआत की गई है, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को पार्किंग में राहत मिलेगी और यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनी रहेगी।

संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, छाया, सुरक्षा, सफाई और पार्किंग जैसी सभी व्यवस्थाएं प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य है कि प्रत्येक श्रद्धालु को दर्शन के दौरान बेहतर और सुगम अनुभव मिले।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।